Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Pune-Nasik semi high speed rail corridor.

डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे (शिरूर): सभापति महोदय, एक बहुत ही अहम मुद्दा मेरे चुनाव क्षेत्र से संबंधित है, जो पुणे-नासिक सेमी हाई स्पीड रेलवे है। आज़ादी के बाद रोड नेटवर्क में 16 गुना इज़ाफा हुआ है, लेकिन रेल नेटवर्क में दो गुना इज़ाफा भी नहीं हुआ है। माननीय रेल मंत्री जी का जो निरन्तर प्रयास है, उसके लिए मैं उनकी सराहना करता हूं।

सर, इस प्रोजेक्ट के बारे में रेल मंत्रालय से इन-प्रिंसिपल मंजूरी जून, 2020 में मिली थी और 28 अप्रैल को रेल मंत्रालय की तकनीकी मंजूरी, नीति आयोग और वित्त मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। इस परियोजना की पूरी तैयारी हो गई है। सिर्फ सीसीईए के सामने पिछले छ: महीने से इस प्रोजेक्ट का डीपीआर प्रजेंट होना बाकी है। मैं माननीय रेल मंत्री जी के ध्यान में यह बात लाना चाहता हूं कि ज़ोनल रेलवे का जो प्रोजेक्ट है, ज़ोनल रेलवे के तीन प्रोजेक्ट्स महाराष्ट्र में पिछले दस सालों से पेंडिंग हैं। इसलिए पुणे-नासिक सेमी हाई स्पीड रेलवे प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द सीसीईए के सामने रखा जाए।